हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–99 : जौनपुर, बुधवार 14 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कांग्रेस द्वारा सत्तर वर्षों में बनाए गये सत्तर एअरपोर्ट : बीजेपी ने आठ वर्षों में बनाए बहत्तर एअरपोर्ट– सिंधिया

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : मोपा–गोवा (करण समर्थ : आयएनएन भारत मुंबई) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तरी गोवा के पेडणे तालुका के मोपा गांधी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने गोवा के लाड़ले स्वर्गीय मुख्यमंत्री मनोहर परिकर के नाम पर हवाई अड्डे का नामकरण किया। मनोहर पर्रिकर का मार्च २०१६ में कॅन्सर से निधन हो गया था, इस एअरपोर्ट के निर्माण का सपना पर्रिकर ने ही देखा था । इस एअरपोर्ट की आधारशिला नवंबर २०१६ में पीएम मोदी के द्वारा रखी गई थी। गोवा में यह दूसरा हवाई अड्डा होगा, जब गोवा का पहला वास्को के दाबोलिम में स्थित है। इस उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी के साथ गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्रीपाद नाईक, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा सासंद विनय तेंडुलकर मंच पर उपस्थित थे। तो भारी तादाद में गोवा की जनता तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। उत्तरी गोवा के मोपा में यह हवाई अड्डा २,८७० करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। दाबोलिम में मौजूदा हवाई अड्डे के अलावा राज्य में यह दूसरा हवाई अड्डा होगा, जो महाराष्ट्र कि सीमा से सटा हुआ है।इस नए एयरपोर्ट के उद्घाटन के समय पीएम मोदी ने कहा कि, मुझे इस बात की खुशी है कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम मेरे प्रिय सहयोगी और गोवा के लाडले, स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर के नाम पर रखा गया है। इस कारण इस इंटरनॅशनल एयरपोर्ट पर आने–जाने वाले हर व्यक्ति को मनोहर पर्रिकर जी का नाम याद रहेगा। अपने उद्घाटन भाषण मे पीएम मोदी ने कहा, मोपा में यह अत्याधुनिक हवाईअड्डे से गोवा में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। यह मनोहर पर्रिकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आज देश में बुनियादी ढांचे के प्रति बदली हुई सरकार की सोच और दृष्टिकोण का प्रमाण है। हमने देश के सबसे छोटे शहरों में हवाई यात्रा सुविधा के लिए पहल की है। मोपा में एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि, २०१४ से पहले सरकारों का जो रवैया था, उस वजह से हवाई यात्रा, एक लग्जरी के रूप में स्थापित हो गई थी। ज्यादातर इसका लाभ समृद्ध–संपन्न लोग ही उठा पाते थे। पहले की सरकारों ने हवाई उड़ानों को केवल अमीरों के लिए सीमित किया था।घ पहले की सरकारों ने यह सोचा ही नहीं कि, सामान्य जन भी, मध्यम वर्ग भी उतना ही एयर ट्रैवल करना चाहता है। पीएम मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि, आजादी से लेकर २०१४ तक देश में छोटे–बड़े एयरपोर्ट मात्र ७० के आसपास बनाएं गए। इसमें भी अधिक तर केवल बड़े शहरों में ही हवाई यात्रा की व्यवस्था थी। लेकिन हमने हवाई यात्रा को आम जनता के लिए तथा देश के छोटे–छोटे शहरों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। हमने दो स्तर पर काम कियाय पहला, हमने देशभर में एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार किया और दूसरा, उड़ान योजना के जरिए, सामान्य जनता को भी हवाई जहाज में उड़ने का अवसर दिया। इन प्रयासों का अभूतपूर्व परिणाम आया और पिछले ८ सालों में देश में ७२ नए एयरपोर्ट्स का निर्माण किया गया हैं, यह भाजपा की डबल इंजिन वाली सरकार की वजह से हो रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सरकार की नीतियों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन गया है। पिछले ८ सालों में भारत ने पर्यटकों के लिए 'यात्रा सुगमता' को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। हमने आगमन




पर वीजा की सुविधा बढ़ाई है और वीजा प्रक्रिया को सरल बनाया है। (मौके पर सिंधिया ने साधा विपक्ष पर निशाना) मोपा एअरपोर्ट के उद्घाटन से पहले केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि, गोवा में पहली बार एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का उद्घाटन हो रहा है। यहां नया इतिहास रचा जा रहा है कि एक शहर में दो हवाई अड्डे हो गए। पूर्व सरकारों में औसतन एक साल में एक भी हवाई अड्डे का निर्माण नहीं होता था लेकिन आज भाजपा सरकार ने ८ वर्षों में ७२ हवाई अड्डों का निर्माण किया है। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने स्व मनोहर पर्रिकर को याद कहते हुए यह एअरपोर्ट स्व मनोहर पर्रिकर जी का सपना था जो आज पूरा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आज इस वक्त स्वर्ग से इस लोकार्पण समारोह को देखकर हमें आर्शीवाद देते होंगे। हम इस एअरपोर्ट के निर्माण के लिए अपनी लाखों मीटर जमीन देनेवाले गोमंतकीयों का जन्मभर आभारी रहेंगे। इस एअरपोर्ट के माध्यम से गोवा के विकास का नया अध्याय शुरू हुआ है। यह तो गोवा का भाग्य है कि विश्व के सबसे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हमारे साथ उपस्थित हैं और उनके व्दारा हमारे स्वप्नपूर्ती करनेवाले इस एअरपोर्ट का लोकार्पण संपन्न हो रहा है। इस नए एयरपोर्ट के साथ हमारा पहलेवाला दाबोलिम का एअरपोर्ट भी सेवाएं भी जारी रहेगी। इस नए मोपा हवाईअड्डे के जरिए यात्रियों को मिलेंगी कई सुविधाएं जैसे कि मोपा एयरपोर्ट के जरिए हर साल लगभग ४० लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने की उम्मीद है। बाद में हर वर्ष इसकी सेवाएं ३३ मिलियिन और इससे अधिक यात्रियों तक विस्तारित किया जा सकता है। लगभग २,८७० करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया यह एयपोर्ट कार्गो सेवाओं की भी आपूर्ति करेगा। मोपा एयरपोर्ट के जरिए परिचालन बढ़कर ३५ घरेलू और १८ अंतरराष्ट्रीय जगहों तक पहुंच जाएगा। पहले चरण में हवाईअड्डे पर सालाना ४४ लाख यात्रियों को सुविधाएं देने की क्षमता होगी और पूरी परियोजना पूरी होने के बाद यह सुविधाएं एक साल में एक करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएंगी। दाबोलिम हवाई अड्डे की क्षमता एक वर्ष में ८५ लाख यात्रियों को सुविधाएं देने की है, लेकिन इसमें कार्गो परिवहन की सुविधा नहीं है।घ्यह सुविधा नए हवाई अड्डे पर होगी। मोपा में नया हवाई अड्डा स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और पर्यटन के लिए यह एक बड़ा प्रोत्साहन होगा। उत्तरी गोवा पहले से ही एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। तो इस एअरपोर्ट के निर्माणकर्ता जीएमआर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से जानकारी दी गई है, पीएम मोदी गोवा में मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का रविवार को उद्घाटन करने जा रहे हैं। मोपा गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक की सीमा पर स्थित है। जनवरी में यहां पर दो सौ से अधिक नॉन स्टॉप उड़ानें शुरू हो जाएंगी। २,१३२ एकड़ जमीन पर फैलै हुए इस एअरपोर्ट का रन–वे ३.५किमी लंबा और ६० मीटर चौड़ा है। जो वर्तमान में विश्व के सबसे बड़े से बड़े एअरक्राफ्ट को सेवा देने में सक्षम है।घ्इसके २ अतीजलद निकास और ६ टॅक्सी–वे तथा १४ अलग–अलग पार्किंग प्लेसेस उपलब्ध है। यहां एकसाथ १८ चेक–इन कांउटर के साथ ४ लगेज सुविधाएं हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मानदंडों पर खरी उतरती नए एयरपोर्ट की मौजूदा सुविधा राज्य के सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। एविएशन स्किल डेवलपमेंट सेंटर और एक पुलिस स्टेशन के निर्माण में थ्रीडी मोनोलिथिक प्रीकास्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। एअरपोर्ट इलाकों की ओर सोलर एनर्जी निर्माण सिस्टम के साथ ग्रीन हाउस गैसों को संतुलित करने हेतु आवश्यक सुविधाएं कराई गई है। वैसे ही तकरीबन ५ लाख पेड़ों को लगाकर और १६५ एकड़ भूमि पर बसे पेड़ों की निगरानी रखना हमारी जिम्मेदारी है। एअरपोर्ट व्दारा हररोज २ टन बायोलॉजिकल तथा ३ नॉन बायोलॉजिकल कचरे का विघटन करनी कि प्रणाली का विकास किया गया है। वर्तमान में मुंबई, दिल्ली तथा हैदराबाद हवाईअड्डे का रखरखाव जीएमआर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी जौनपुर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार देर सायं आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित कराएं, अधिकारियों के द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आबकारी, परिवहन विभाग द्वारा वसूली लक्ष्य से कम है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकारी अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को राजस्व



वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 05 वर्ष से अधिक लंबित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम अक्षयबर, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निकाय चुनाव से पहले पुलिस महकमे में एक और बदलाव संभव : कई अफसरों को तैनाती का इंतजार

लखनऊ ब्यूरो : निकाय चुनाव से पहले पुलिस महकमे में एक और बदलाव होने की आहट है। इसमें एडीजी से लेकर एसपी रैंक तक के अफसरों के तबादलों पर विचार किया जा रहा है। दरअसल इस महीने के आखिर में प्रयागराज जोन के एडीजी प्रेम प्रकाश सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यानी निकाय चुनाव से पहले प्रयागराज को नया एडीजी मिलना तय है। इसके अलावा कई अधिकारी अब भी प्रतीक्षारत हैं। इसमें डीजी रैंक के आशीष गुप्ता, एडीजी रैंक के जीके गोस्वामी, डीआईजी रैंक के अफसर अनंत देव और एसपी रैंक के चार अफसर अपनी तैनाती का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कई जिले ऐसे हैं जहां के पुलिस कप्तान बदले जाने हैं। इसमें 2017 बैच के आईपीएस




अफसरों की तैनाती भी हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि शीर्ष स्तर पर तबादलों को लेकर चर्चा भी हो चुकी है, लेकिन उसका नतीजा नहीं निकला। आज शाम को इस पर दोबारा मंथन हो सकता है। अब देखना है कि कौन अधिकारी कहां भेजा जाता है।

## जिलाधिकारी विशाख द्वारा तहसील नर्वल क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित स्थानों का किया गया औचक निरीक्षण

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : ग्राम नरायणपुर सलेमपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे हर घर जल योजनांतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। उक्त गांव में जल की आपूर्ति हेतु 08 कि0मी0 पाइप बिछाई जानी थी, परंतु अब तक मात्र 3.5 कि0मी0 ही पाइप डाली गई है एवं निरीक्षण के समय मौके पर कोई भी लेबर उपस्थित नहीं मिले। जिस पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन कार्यों एवं कार्य पूर्ण होने के संबंध में अधिशासी अभियंता, जल निगम, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी, सरसौल की समिति गठित कर जांच कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उक्त कार्य आगामी 15 दिवस के अंदर पूर्ण न होने की दशा में संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। विकास खंड सरसौल के अंतर्गत बड़ागांव में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी, सरसौल को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला अपनी पूरी क्षमता से संचालित हो तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि निराश्रित गोवंश को गोशाला में ही संरक्षित किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश आश्रय स्थल में पर्याप्त जगह होने के कारण एक अतिरिक्त सेड का निर्माण कराया जाए जिससे और अधिक गोवंश को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गोवंश के भरण पोषण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए तथा गोवंश को ठंड से बचाने के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारी, सरसौल एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्वयं गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का लगातार



पर्यवेक्षण किया जाए। विकास खंड सरसौल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरझाल में निर्माणाधीन अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी, सरसौल को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के अवशेष निर्माण को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराया जाए जिससे ठंड के मौसम में निराश्रित गोवंश को गौशाला में संरक्षित किया जा सके। इसके साथ ही शेड चरही, बोरिंग, पानी की टंकी आदि बाकी कार्य को प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर लिया जाए एवं कार्य के समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु खंड विकास अधिकारी, सरसौल द्वारा लगातार पर्यवेक्षण किया जाए। विकास खंड सरसौल के अंतर्गत ग्राम नरायणपुर सलेमपुर में अवस्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी, सरसौल को निर्देशित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर के चारों तरफ पेड़–पौधे लगाए जाए तथा सरोवर के चारों ओर तार फेंसिंग कराई जाए। तहसील नर्वल स्थित सैमसी झील में कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। झील के चारो तरफ बनाये जा रहे पाथवे के कार्य को तीव्र गति से कराये जाने के निर्देश दिये गये। मुख्य मार्ग से झील तक जाने हेतु प्रथम से एक डेडीकेटेड मार्ग बनाये जाने हेतु एलाइमेंट तैयार किये जाने के लिए अधि0अभि0 लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही झील को और आकर्षक बनाये जाने हेतु कतिपय निर्देश भी दिए गए।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पुलिस बूथ में युवक मेज पर करता रहा डांस : सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले के नौतनवां नगर के छपवा पुलिस चौकी में भोजपुरी गाने पर एक युवक द्वारा डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दो युवक दिख रहे हैं, जिसमें एक युवक पुलिस चौकी के बरामदे में रखा हुआ मेज पर



डांस कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नौतनवां कस्बे के छपवा पुलिस चौकी में एक युवक भोजपुरी गाने पर डांस कर रहा है। वायरल वीडियो मंगलवार रात का बताया जा रहा है। पुलिस चौकी के अंदर जाकर डांस करना नौतनवां पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़ा हो रहा है। लोग चर्चा कर रहे हैं कि पुलिस चौकी के अंदर घुस कर युवक निर्भीक होकर डांस कर रहा है। इस प्रकार पुलिस चौकी में जाकर डांस करना पुलिस की निष्क्रियता जाहिर हो रही है। पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि रात में कोई बारात जा रही थी। उसी दौरान मंदबुदधि युवक डांस कर रहा था। किसी ने वीडियो बना लिया है। छपवा पुलिस चौकी लिखा गया है, लेकिन वह पुलिस बूथ है, जहां थाने से ड्यूटी लगाई जाती है।

## जिला कारागार कानपुर नगर में बंदियों हेतु कम्बल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : जिला कारागार, कानपुर नगर में स्वयंसेवी संस्था भारत सेवा आश्रम, नई दिल्ली द्वारा बंदियों हेतु ''कम्बल वितरण कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। भारत सेवा आश्रम की अध्यक्षा शुभा मिश्रा के सौजन्य से जिला कारागार, कानपुर नगर में ''कम्बल वितरण कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ



अपनी मां के साथ रह रही 05 वर्षीय आयुषी द्वारा गायत्री मन्त्र तथा महामृत्युंजय मन्त्र के पाठ से हुआ। आयोजित कार्यक्रम में कारागार में निरूद्ध समस्त महिला बंदियों एवं अत्यन्त वृद्ध, बीमार तथा जरूरतमंद बंदियों को उनकी आवश्यकतानुसार कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर कारागार के निरीक्षण एवं बंदियों को विधिक परामर्श हेतु आयीं माननीय शुभी गुप्ता–अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर भी उपस्थित रहीं। आयोजित कार्यक्रम में भारत सेवा आश्रम के सदस्यगण–श्री अर्जुन शुक्ला, श्री धर्मेन्द्र शुक्ला, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्री अभिषेक अग्रवाल, जेलर–श्री अनिल कुमार पाण्डेय, उप कारापाल–श्री कृष्ण मोहन चंद्र, श्री प्रशांत उपाध्याय, श्री राजेश कुमार मौर्या, श्री अनिल कुमार, एवं श्रीमती सॉयमा जलीस उपस्थित रहीं। कारागार अधीक्षक डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय द्वारा स्वयंसेवी संस्था भारत सेवा आश्रम, नई दिल्ली द्वारा बंदियों को कम्बल वितरित किये जाने की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आज की सुंदर यात्रा केवल तब शुरु हो सकती है, जब हम कल को जाने देना सीखते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# सुरक्षा चुनौतियों से घिरी हसीना सरकार

तमाम कमजोरियों और खामियों के बावजूद भारत के लोग बीएनपी की तुलना में अवामी लीग को अपेक्षाकृत उदार और समावेशी मानते हैं। यह एक तथ्य है कि बीएनपी ने जमात–ए–इस्लामी के साथ सत्ता में साझेदारी की और इस्लामी समूहों को भारत के खिलाफ प्रोत्साहित किया।

बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में अभी एक साल का समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक रूप से जागरूक लोग अभी से तैयार हो रहे हैं। वर्ष 2009 के बाद के पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी दो विरोधी आख्यान बनने लगे हैं। सबसे लंबी भू–सीमा वाले पड़ोसी देश के घटनाक्रम को भारत नजर अंदाज नहीं कर सकता है। एक आख्यान केवल भारत ही नहीं, बल्कि इस पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो विशेष रूप से जिहादी आतंकवाद पर जोर देती है। दूसरा आख्यान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग (एएल) और पूर्व प्रधानमंत्री तथा फिलहाल जेल में बंद बेगम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बीच प्रतिद्वंद्विता को आतंकवाद के रूप में देखता है। पहला आख्यान स्थिति को सुरक्षा के चश्मे से देखता है, जबकि दूसरा आख्यान सुरक्षा उपायों के लिए हसीना सरकार की आलोचना करता है, जो आतंकी समूहों के साथ विपक्ष को भी निशाना बनाती है और लोकतंत्र को नकारती है।

खासकर चुनाव के समय राजनीतिक हिंसा बांग्लादेश में सामान्य घटना है। लेकिन 11 दिसंबर, 2022 को बिना किसी स्पष्टीकरण के एक रिपोर्ट नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है, न कि ढाका से, जहां विदेशी मीडिया की व्यापक उपस्थिति है और जिसमें सीएनएन ने विपक्ष की रैली की रिपोर्टिंग करते हुए बांग्लादेश में अमेरिकी राजदूत पीटर डी हैस के इस बयान का उल्लेख किया है कि दूतावास डराने–धमकाने और राजनीतिक हिंसा की खबरों को लेकर चिंतित है और उसने अधिकारियों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा की जांच और उसकी रक्षा करने का अनुरोध किया है। यह भी कहा गया है कि वर्ष 2009 से सत्ता पर काबिज हसीना 2018 के राष्ट्रीय चुनाव में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनी गई, जिस पर घातक हिंसा और धांधली के आरोप लगाए गए थे।

बेशक यह तथ्यात्मक रूप से सच है, लेकिन पश्चिमी आख्यान हसीना के इस दावे का भी खंडन करता है कि उसके सुरक्षा बल जिहादियों से लड़ रहे हैं, जिनमें विपक्ष शामिल है और वह उन्हें प्रोत्साहित कर रहा है। पश्चिमी सुरक्षा थिंकटैंक का कहना है कि अवामी लीग और बीएनपी की राजनीतिक लड़ाई इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को कमजोर कर रही है। यहीं पर दोनों आख्यानों में गंभीर अंतर है। लोकतंत्र को अपना मुख्य मानदंड मानते हुए विश्व स्तर पर प्रभावी पश्चिमी आख्यान बीएनपी को संदेह का लाभ देते हुए हसीना सरकार की आलोचना करता है। जहां तक लोकतंत्र को महत्व देने की बात है, तो भारत के लोग बांग्लादेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को नजर अंदाज नहीं कर सकते।

तमाम कमजोरियों और खामियों के बावजूद भारत के लोग बीएनपी की तुलना में अवामी लीग को अपेक्षाकृत उदार और समावेशी मानते हैं। यह एक तथ्य है कि बीएनपी ने जमात–ए–इस्लामी के साथ सत्ता में साझेदारी की और इस्लामी समूहों को भारत के खिलाफ प्रोत्साहित किया। एक तथ्य यह भी है कि 1991 में अफगानिस्तान के सोवियत विरोधी युद्ध से लगभग 3,000 बांग्लादेशी लड़ाके अपने देश में खिलाफत स्थापित करने के उद्देश्य से लौटे थे। 1991–96 के दौरान, जब खालिदा जिया सत्ता में थीं, तब इन 'लड़ाकों' की ताकत में वृद्धि हुई और उनके दूसरे कार्यकाल में उन्होंने सुनियोजित ढंग से सैकड़ों धार्मिक अल्पसंख्यकों को मार डाला।

हालांकि जिया लंबे समय तक इससे इनकार करती रहीं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अभियान और अमेरिका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद ही उनके खिलाफ कार्रवाई की। विडंबना देखिए कि जिन ताकतों ने कभी जिया को कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया था, आज वही ताकत बीएनपी के इस्लामी समूहों पर निर्भरता और समर्थन के बावजूद उसका मौन समर्थन कर रही हैं। हसीना सरकार पर चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई के राजनीतिकरण का आरोप लगाते हुए अमेरिकी थिंकटैंक क्राइसिस ग्रुप 1971 में देश की मुक्ति के खिलाफ काम करने वालों पर मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने को गलत मानता है। इस प्रकार यह बांग्लादेश के राष्ट्रीय संकल्प को चुनौती दे रहा है।

फिर भी अपनी रिपोर्ट में इसने कहा है कि 'जमात–उल–मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल इस्लाम नामक दो समूह आज के जिहादी परिदृश्य पर हावी हैंय जेएमबी का एक गुट इस्लामिक स्टेट से संबंध रखता है, जबकि अंसारुल इस्लाम अल–कायदा की दक्षिण एशियाई शाखा से संबद्ध है। दोनों ने पिछले कुछ वर्षों में कई हमलों को अंजाम दिया है। कुछ धर्मनिरपेक्ष कार्यकर्ताओं को निशाना बनाते हैं, तो अन्य बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को। सभी सरकारों ने जेएमबी नेतृत्व के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन समूह ने नए रूप में खुद को पुनर्जीवित किया है। दूसरा समूह अंसारुल इस्लाम का भी उभार हुआ है, जबकि जेएमबी से अलग हुआ एक गुट (जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसियां नव जमात–उल–मुजाहिदीन कहती हैं) खुद को इस्लामिक स्टेट–बांग्लादेश कहता है और इराक एवं सीरिया में लड़ाकों को भेजता है।'

जहां तक इस्लामी आतंकवाद का सवाल है, तब से स्थिति और बदतर हुई है। नई दिल्ली स्थित थिंकेंक साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल (एसएटीपी) बांग्लादेशी सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कहता है : '13 से 22 अक्तूबर, 2021 के बीच हिंदू समुदायों को निशाना बनाकर लगातार हमले किए गए। इन हमलों में सात लोग मारे गए और 99 अन्य घायल हुए। अनियंत्रित भीड़ द्वारा कम से कम 20 पूजा मंडपों और कई मूर्तियों को विकृत किया गया और तोड़ दिया गया था। दुर्गा पूजा के दौरान पूजा स्थलों, मंदिरों, हिंदू घरों और व्यवसायों पर हमले और सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने के आरोप में 583 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।'

बांग्लादेश एक अस्थिर क्षेत्र में है, जहां कई इस्लामी समूह सक्रिय हैं। यह उन रोहिंग्याओं से भरा हुआ है, जिन्हें म्यांमार से खदेड़ दिया गया है। भारत में भी हजारों रोहिंग्या रहते हैं। इन शरणार्थियों के बीच से करीब एक दर्जन चरमपंथी गुट उभरे हैं, यही वजह है कि भारत ने उन्हें लेने से इनकार कर दिया है। ऐसी जटिल परिस्थिति में भारत को अपनी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की मदद करने की आवश्यकता है और बांग्लादेश 'लोकतंत्र की हत्या' के लिए आलोचना के बजाय समर्थन का पात्र है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## खेल प्रतिभा निखारने के लिए प्राथमिक विद्यालय सनफरा को विशेष सुविधायें दी जायेगी –एम0पी0 सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 विनीता ने जिलाधिकारी का बैच लगाकर स्वागत किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेसिक विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं मुख्य अतिथि के आगमन पर स्वागत गीत गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विगत वर्ष के चौम्पियन छात्र अमित को मशाल सौपी और अमित ने मशाल लेकर फील्ड का पूरा चक्कर लगाया और खेलों के प्रति बच्चों को उत्साहित किया और छात्राओं द्वारा बनाई सुन्दर रंगोली की भी प्रशंसा की। प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पहले सभी ब्लाक के बच्चों द्वारा निकाली गयी मार्च पास्ट की सलामी तथा झण्डा फहराकर एवं गुब्बारे उड़ाकर व खेल के प्रति शपथ दिलाते हुए खेल प्रारम्भ करने की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर बेसिक



बच्चों का उत्साह देखते हुए सबकी प्रशंसा करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चे अपनी खेल प्रतिभा को निखारे और जनपद का नाम प्रदेश, देश एवं दुनियां में रोशन करें। उन्होने प्राथमिक विद्यालय ग्राम सनफरा ब्लाक साण्डी के बच्चों के उत्क्रण प्रर्दशन की प्रशंसा की तथा टीम कैम्पटन कक्षा एक के अजय से हाथ मिलाकर कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए प्राथमिक विद्यालय सनफरा को विशेष सुविधायें दी जायेगी। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं ब्लाकों से आये प्राथमिक विद्यालय आदि के अध्यापक तथा भारी संख्या में बेसिक विद्यालयों के छात्र– छात्राएं मौजूद रही।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः सण्डीला में एक–दूजे के हुए 179 जोड़े : जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन संडीला तहसील के 5 ब्लॉकों के तहत लाभार्थियों का चयन कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में 179 वर वधू एक दूजे के हुए। मुख्य अतिथियों ने सभी को वर–वधू को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गण सांसद अशोक रावत, विधायक गण रामपाल वर्मा, अलका अर्कवंशी व सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान मौलवी ने मुस्लिम धर्म के अनुसार 13 निकाह कराए। गायत्री प्रज्ञा मंडल की टीम द्वारा मंत्रोचार के मध्य सामूहिक विवाह समारोह कराया गया। इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने संबोधित करते हुए कहा गरीब परिवारों के सामने बेटियों के हाथ पीले करने की आर्थिक संकट के कारण अभिवावक के माथे पर हमेशा चिंता की लकीर रहती है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना पर कार्य करने वाली भाजपा सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना सामूहिक विवाह की शुरुआत की। जिसमें एक मंच के तले परिवार जनों पर कोई आर्थिक दबाव के वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। जिसमें 10 हजार रुपये की धनराशि का वर वधु को उपहार दिया जाता है। 35 हजार रुपये की धनराशि वधू के खाते में भेजी जाती है। जिससे वह दोनों अपना परिवारिक जीवन की शुरुआत कर सकें। इस अवसर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा हमारे देश में कुप्रथा दहेज के कारण कितनी बेटियां उत्पीड़न के कारण उनका जीवन नर्क हो जाता है। सामाजिक रीति–रिवाजों के कारण परिवार पर शादी समारोह में काफी आर्थिक संकट का भार पड़ता था। वह कई वर्षों तक कर्ज के जाल में फस जाते थे। सरकार ने सामूहिक शादी योजना की शुरुआत कर परिवार के ऊपर से शादी का बड़ा दबाव खत्म कर दिया। अब बेटियां उनके लिए भार नहीं है। इस दौरान विधायक रामपाल वर्मा ने कहा सामूहिक विवाह योजना महत्वकांक्षी योजना है। समाज के लोग आगे आकर इस योजना में बढ़–चढ़कर भाग लेना



चाहिए। जिससे एक माहौल बने सामूहिक विवाह योजना एक परंपरा के रूप में शुरुआत हो, सामाजिक दिखावे के चक्कर से दूर होकर मांगलिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। जिससे परिवार के ऊपर अनावश्यक का आर्थिक दबाव न पड़े। समाज में सामाजिक समरसता बढ़े, वर वधुओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं है। वह जीवन की नई शुरुआत कर एक बेहतर समाज की रचना करें। जिससे गांव देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त हो। विधायक अलका अर्कवंशी संडीला ने अपने संबोधन में बताया महिला सशक्तिकरण में सरकार ने अच्छी योजना चलाकर सरकार ने सराहनीय कदम उठाया, जिससे बेटी बेटे में समानता आएगी। बेटियां उनके लिए परेशानी नहीं होगी। सामूहिक विवाह समारोह में ब्लॉक व राजस्व टीम, पूर्ति विभाग की टीम व्यवस्था में मुस्तैदी से लगी। कानून व्यवस्था के लिऐ पुलिस टीम सक्रिय रही। इस समारोह में उप जिलाधिकारी संडीला देवेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार संडीला, खंड विकास अधिकारी गण बेहन्दर उमेश अग्रवाल, कोथावां पंकज यादव, भरावन महेश चंद्र , कछौना प्रमोद अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी संडीला, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहायक श्रम आयुक्त अचला पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर महावीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा युवा नेता सचित अग्रवाल, लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष सुशील गुप्ता, ग्राम प्रधान गण, भाजपा नेता पदाधिकारी गण, ग्राम सचिव, एडीओ पंचायत गण, एडीओ समाज कल्याण आदिद्द ने प्रतिभाग किया। सामूहिक विवाह समारोह में ढोल नगाड़े पर लोग खूब थिरके, और द्द आनंद उठाया। इस कार्यक्रम का आयोजन संडीला के ग्राम मीतो मिनी स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर डा० उमेश सूर्या, जनमेजय सिंह, संजय सिंह,डा० घदिग्विजय सिंह, गोविंद सिंह फौजी, रामनरेश आर्य,उपेन्द्र सिंह, विनयसिंह, राजेंद्र सिंह अर्कवंशी, अरूण यादव, मोहन सिंह,राहुल सिंह अर्कवंशी समेत हजारों की तादाद में सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु दिव्यांगों की सुगम्य जागरूकता राइड सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स द्वारा आयोजित सुगम्य जागरूकता राइड "आजादी का अमृत महोत्सव" के लिए "दिल्ली – लोंगेवाला वॉर मेमोरियल (जैसलमेर) – दिल्ली" 2500 किमी को मुख्य अतिथि सुयश कुमार, चीफ मैनेजर (ते) दिल्ली डिविजिनल आफिस, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड एवं विशिष्ट अतिथि संदीप शर्मा (रीजनल मैनेजर) कैस्ट्रोल इंडिया दिल्ली द्वारा पशुपति कुमार पारस (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार तथा जयवर्धन गोहिल, रोबिन शर्मा (एरिया मैनेजर) शरद खुराना (फील्ड मैनेजर) पंकज सलगिया (मार्किट एक्टिवेशन मैनेजर) कैस्ट्रोल दिल्ली की उपस्थिति में भारतीय झंडा दिखाकर दिल्ली से रवाना किया गया था 10 दिव्यांगो द्वारा रेट्रोफिटेड स्कूटी से 12 दिनों में 2500 किमी की दूरी तय की गयी। इस असाधारण मिशन में कई संस्थायों ने साथ दिया उनमें से प्रमुख है हेलमेट वाला, रविषा फाउंडेशन, कैस्ट्रोल बाइकिंग, इंडियन ऑयल, जेएमडी डिवाइन कंसोर्टियम, कैनेर कनेक्टर, वंडर व्हील्स, हिंदुस्तान आयल एवं क्राइम कण्ट्रोल डिफेन्स आर्गेनाइजेशन। सुगम्य जागरूकता राइड 29 नवंबर को दिल्ली से शुरू होकर पूरे राजस्थान से निकली जैसे मंडावा, बीकानेर, रामदेवरा, पोकरण, जैसलमेर, तनोत बार्डर, लोंगेवाला वॉर मेमोरियल, बाड़मेर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, कैली मंदिर, भरतपुर होते हुए 10 दिसम्बर, 2022 को दिल्ली पहुँची, इस राइड के संयोजक आमीर सिद्दीकी, प्रबंधक रमेश चंद एवं प्रभारी प्रमोद और तेजपाल यादव है, सुगम्य जागरूकता राइड का नेतृत्व गोविंदा द्वारा किया जा रहा है। दिव्यांगों द्वारा लोंगेवाला वॉर मेमोरियल (जैसलमेर) में "1971 में भारत – पाक युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। दिव्यांगजन सुगम्य जागरूकता राइड के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दे कर यह दिखाया कि अगर हौसला हो, तो जिंदगी में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। विश्व के इतिहास में पहली बार दिव्यांगो द्वारा लोंगेवाला वॉर मेमोरियल में रेट्रोफिटेड स्कूटी से जाकर भारतीय धवज फहरा कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया गया, इस कीर्तिमान का साक्ष्य है रमेश चंद, अमीर सिद्दीकी, हेमंत कुमार, गोविंदा, पवन कुमार, प्रमोद सिंह, पवन कश्यप, संदीप कुमार, गिरीश अरोरा और तेजपाल यादव। ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स पिछले 6 सालो से सुगम्य जागरूकता राइड का आयोजन कर रही है और इस कार्य के लिए टीम को मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा सम्मानित किया जा चूका है, यह संस्था न केवल राइड के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य करती है बल्कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए भी कार्य करती है, कोरोना की पहली और दूसरी खतरनाक लहर में भी दिव्यांगों के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## लोहिया पथ पर ओवरब्रिज के नीचे स्ट्रीट लाइट लगाने तथा स्पीड ब्रेकरों को हटाने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने लोक मंगल दिवस पर महापौर संयुक्ता भाटिया से मुलाकात कर लोहिया पथ पर बने ओवरब्रिज के नीचे स्ट्रीट लाइट लगाने तथा सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकरों को हटवाने की मांग की। गोमतीनगर जाने के लिए ओवरब्रिज के नीचे से गुजरना पड़ता है जिसके नीचे स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात में अंधेरा रहता है। ओवरब्रिज पर व्यू कटर लगने के पहले पुल पर लगी स्ट्रीट लाइट की रोशनी रहती थी परन्तु अब अंधेरा रहता है। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के द्वारा वर्ष 2021 में तत्कालीन नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, महापौर संयुक्ता भाटिया तथा नगर आयुक्त, नगर निगम को पत्र लिखकर ओवरब्रिज के नीचे स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की थी। आज पुनः इस सम्बन्ध में पत्र दिया गया है। इसके अतिरिक्त गोमतीनगर के विभिन्न खण्डों में सड़कों पर बिना मानक तथा संकेतकों के स्पीड ब्रेकर अभी भी नहीं हटाए गए हैं जबकि माननीय उच्च न्यायालय तथा मानवाधिकार आयोग के द्वारा स्पीड ब्रेकरों को हटाने हेतु आदेशित किया जा चुका है। इन स्पीड ब्रेकरों के कारण नागरिक गर्दन व रीढ़ की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के द्वारा सभी स्पीड ब्रेकरों को हटाने की मांग की है तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में स्पीड टेबल टॉप बनाए जाने का भी अनुरोध किया है। स्पीड टेबल टॉप बनाने से पहले संकेतक तथा जेब्रा क्रॉसिंग भी अवश्य होना चाहिए। विवेक खण्ड 3 में तिवारी ट्यूटोरियल चौराहे पर स्पीड ब्रेकर तोड़ने से खराब सड़क को भी ठीक कराने की मांग की है।

## व्यापारी अपनी दुकान को बंद न करें –अभिषेक खरे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल इकाई जानकीपुरम व्यापार मंडल की बैठक जानकीपुरम लखनऊ में अध्यक्ष शिव शंकर राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री प्रमोद राय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंत्री अभिषेक खरे उपस्थित रहे। राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को भयभीत होने की जरूरत नहीं है जरूरत है तो जागरूकता की हम सजक रहे किसी भी जीएसटी के अधिकारी बाजार में आते हैं तो हम सब लोग एकत्र होकर उसका डटकर मुकाबला करें। लखनऊ व्यापार मंडल 24 घंटे आपके लिए तत्पर रहेगा आप से कंधा से कंधा लगाए सदैव खड़ा रहेगा। लखनऊ व्यापार मंडल के मीडिया महामंत्री अभिषेक खरे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अफवाहों को ध्यान न दें कोई भी व्यापारी अपनी दुकान को बंद न करें यदि अधिकारी आते हैं तो उनका मुकाबला किया जाएगा। जानकीपुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने व्यापारियों



को आश्वस्त किया कि हमारे साथ पूरे लखनऊ के व्यापारी साथ में हैं हम सभी को निश्चिंत होकर व्यापार करना चाहिए कोई डरने की जरूरत नहीं है। जानकीपुरम व्यापार मंडल के महामंत्री प्रमोद राय ने सभी व्यापारियों को धन्यवाद देते हुए प्रमुख रूप से लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं महामंत्री अभिषेक खरे को धन्यवाद दिया। बैठक में मुख्य रूप से लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल वरिष्ठ महामंत्री अभिषेक खरे जानकीपुरम व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव शंकर राजपूत महामंत्री प्रमोद राय वरिष्ठ उपाध्याय जय यादव कोषाध्यक्ष एपी ललित तिवारी के साथ सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय महासभा द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर देहात के माध्यम से दिया गया

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आज कानपुर देहात में राजपूत समाज के लड़के बलवंत सिंह सेंगर की पुलिस द्वारा निर्मम हत्या किए जाने पर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री माननीय आदित्यनाथ योगी जी को संबोधित ज्ञापन द्वारा जिलाधिकारी कानपुर देहात को आज दिया गया । साथ में है कानपुर देहात जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सेंगर,संजय सिंह सिसोदिया ,आलोक सिंह, संजय सिंह भदौरिया,ज्योति सिंह,



इत्यादि।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मनेगा क्रिसमस डे : क्रिसमस डे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लाइन में हुई बैठक

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : क्रिसमस डे आगामी 25 दिसंबर को मनाया जाएगा लेकिन उसकी तैयारियां कमिश्नरेट पुलिस और जिला प्रशासन ने अभी से शुरू कर दी है। मंगलवार को क्रिसमस की तैयारियों को लेकर पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड के अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में पुलिस एवं जिला प्रशासन के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने कहा कि तैयारियों को लेकर अगले 5 दिनों में जॉन व सर्किल स्तर पर बैठक आयोजित की जाएंगी जिसमें आयोजन से जुड़ी समस्याएं हल कर ली जाएं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा की क्रिसमस पर बिजली एवं सफाई की पर्याप्त व्यवस्था रखने के लिए निर्देश दिए हैं किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि



यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था पर फोकस रहेगा ताकि जाम एवं अव्यवस्था की स्थिति ना उत्पन्न हो, सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरा से भी प्रत्येक आयोजन पर नजर रखी जाएगी। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त आनंद कुलकर्णी, सभी डीसीपी, एडीसीपी एसीपी थाना प्रभारी व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपने– अपने गांव में बेहतर कार्य करने के लिए आठ बीसी सखियों को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर विकासखण्ड कार्यकय में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अपने– अपने ग्राम पंचायतों में जिन बीसी सखियों ने बेहतर कार्य किया है ऐसे आठ बीसी सखियों को धर्मापुर ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव ने साड़ी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बीसी सखियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब तक आधी आबादी सशक्त नही होगी तक तक भारत पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र नही बन सकता है। और इस दशा में बीसी सखियों का योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत लाल जी राम, ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रीतम सिंह, सेक्रेटरी राजेश यादव, अखिलेश कुमार गौड़, श्रुति गुप्ता, बेलाल, नील कमल व ऋषभ आदि मौजूद रहे।

## थाना खुटहन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार : कब्जे से चोरी की चार सायकिल बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व प्र0नि0 खुटहन श्री किशोर कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री विनोद कुमार राय मय हमराही कर्मचारी गण की सहायता से मु0अ0सं0–344/22 धारा 379/411 भादवि से संबंधित चोरी गयी चार सायकिल के साथ अभियुक्त विकास गौतम पुत्र बडे लाल ग्राम डिहिया थाना खुटहन जौनपुर को आज दिनांक 13.12.2022 को पिलकिछा चौराहे से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व



पता– 1. विकास गौतम पुत्र बडे लाल ग्राम डिहिया थाना खुटहन जौनपुर। बरामदगी 1. एक हीरों सायकिल 2. एक नोवा सायकिल 3. एक हीरो जेट सायकिल 4. एक छोटी लाल रंग की नीलम सायकिल गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 विनोद कुमार राय थाना खुटहन जौनपुर। 2. का0 रतन लाल गिरी, का0शशांक त्रिवेदी थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

## टीम भावना से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है – सरदार मंजीत सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समर्पित टीम सफलता का आधार होती है। टीम भावना से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। महाविद्यालय के सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को एक साथ मिलकर नैक की तैयारी करनी चाहिए।महाविद्यालय अपने प्रत्येक कार्य को सही ढंग से नैक के समक्ष प्रस्तुत करे। उक्त उद्धार गुरु नानक स्वायत्तशासी कॉलेज, चेन्नई एवं तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नैक विशेष सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु नानक कॉलेज के महासचिव सरदार मंजीत सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि टीडी कॉलेज नैक से A++ ग्रेड प्राप्त करेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में विशिष्ट अतिथि डॉ स्वाति पालीवाल ने नैक की तैयारी के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में प्रतिदिन संपूर्ण छात्र संख्या के 20: छात्र जरूर जाएं। यह छात्र भौतिक रूप से या इनफ्लिबनेट के माध्यम से पुस्तकों का अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय महाविद्यालय का प्राण होते हैं इसलिए पुस्तकालय की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। अपने विचार रखते हुए विशिष्ट अध्यक्ष पी.कृष्टि जयकुमार ने कहा कि हमें न एक में पिछले 5 वर्षों का डाटा भेजना है जिसमें प्रारंभिक 4 वर्ष का एक्यूआर के माध्यम से और अंतिम वर्ष का आईएसएसआर के माध्यम से भेजना होता है। आईएसएसआर बनाते समय संपूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए। यह ध्यान देना चाहिए कि कोई भी डाटा छूटने ना पाए। क्योंकि छोटे–बड़े हर कार्य पर नैक द्वारा अंक प्रदान किया जाता है। विशिष्ट अतिथियों में सौम्यकांत सारंगी ने कहा कि हमें इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करना चाहिए। जो छात्र या अध्यापक पुस्तकालय में सबसे ज्यादा जाता है उसको पुरस्कृत करना चाहिए तथा उनके माध्



यम से अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। संगोष्ठी के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम नैक निरीक्षण के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हमें नैक से उच्चतम ग्रेड ए प्राप्त हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि इतने विद्वान अतिथियों को मैं अपने महाविद्यालय में पाकर धन्य हूं और आशा करता हूं कि आप लोगों द्वारा नैक की तैयारी के संबंध में बताई गई एक–एक बात का अक्षरशः पालन होगा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य संजय सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो.मानस पांडेय, प्रो.वीके त्रिपाठी, प्रो.विनय कुमार सिंह,प्रो.ओमप्रकाश सिंह,प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो आरएन ओझा,चीफ प्रॉक्टर प्रो राजीव रतन सिंह, वंदना दुबे, प्रो राजेंद्र कुमार सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, प्रो.दलसिंगार सिंह, प्रो.नरेंद्र राय,प्रो.रजनी सिंह प्रो रमेश सिंह, प्रो.मनोज कुमार सिंह प्रो.सत्य प्रकाश सिंह, प्रो.अरविंद सिंह, आईक्यूएसी के संयोजक डॉ.सुदेश कुमार सिंह, डॉ.राजेंद्र गुप्त, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.विजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ.रामजीत सिंह,प्रो.सुषमा सिंह जिलाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह डॉक्टर नीतू सिंह डॉ माया सिंह सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की प्रो.श्रद्धा सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी व विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में भौतिक विज्ञान संकाय द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विशेषज्ञ व्याख्यान, एवं ऊर्जा संरक्षण और स्थिरता से संबंधित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए नवाचार इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर साल भारत 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाता है। जिसका उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन और संसाधन संरक्षण में भारत की शानदार उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है। इस दिन समग्र विकास एवं जलवायु परिवर्तन की दिशा में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ लाल जी शुक्ला ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के उपयोग को कम करना और लोगों को इसे कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विशेष अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ऊर्जा दक्षता संबंधी सरल लक्ष्यों को हमने पहले ही हासिल कर लिया है। इसलिए यहां से ऊर्जा बचत को आगे बढ़ाने और उसे बनाए रखने के लिए सरकार और अर्थव्यवस्था के सभी स्तरों पर एक व्यापक तालमेल बनाने की जरूरत है। विभागाध्यक्ष डॉ.श्याम बाबू ने कहा की विश्व की बढ़ती जनसंख्या के साथ ऊर्जा की आवश्यकताएँ भी बढ़ती ही जा रही हैं। परंतु जिस गति से ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ रही है उसे देखते हुए ऊर्जा के समस्त संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अतः यह आवश्यक है कि हम ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान दें अथवा इसके प्रतिस्थापन हेतु अन्य संसाधनों को विकसित करें क्योंकि यदि समय रहते हम अपने प्रयासों में सफल नहीं होते तो संपूर्ण मानव सभ्यता ही खतरे में पड़ सकती है। इस दौरान भौतिक विज्ञान की छात्र–छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि व शिक्षकों ने किया तत्पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. बृजेश सिंह, लैब टेक्नीशियन आशीष मिश्रा, सर्वेश दुबे, शुभम मौर्य,भगवान सिंह सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे एल।कार्यक्रम का संचालन पियूष मिश्रा ने किया।

### बरसठी क्षेत्र के बसहरा गांव स्थित दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के बसहरा गांव स्थित एक किराना की दुकान का मंगलवार की रात ताला तोड़कर चोरों ने लगभग 50 हजार रुपये का सामान उठा ले गये।चोरी की सूचना पुलिस को दिया गया। गांव के विनोद कुमार नहर के पास किराना की दुकान है। मंगलवार रात 9 बजे दुकान बंद करके घर चले गये इसी का फायदा उठाकर चोर ने ताला तोड़कर उसमें रखा किराना का सामान और बैटरी उठा ले गये। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुचा तो ताला टूटा देखकर सन्न रह गये।चोरी की सूचना पुलिस को दिया गया।दुकानदार के अनुसार 50 हजार का सामान चोर ले गये।

## ट्रैक्टर से टकराई ऑटो रिक्शाा : 4 घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार धर्मकांटा के पास बुधवार को को दोपहर पीछे हट रही ट्रैक्टर में जौनपुर की तरफ जा रही ऑटो रिक्शा की टक्कर हो गई जिसमें सिकरारा थाना क्षेत्र के सीठापुर निवासी अरुण यादव35,रशुलपुर निवासिनी शुशीला 50,मेंहदीमेंसले, डीहजहाँनिया निवासिनी पुष्पा सिंह घायल हो गए।थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि धर्म कांटा से ट्रैक्टर बैक हो रहा था तभी अचानक आटो रिक्सा टकरा गया जिससे रिक्शा में बैठे कुछ लोगो को हल्की चोटे आई सभी का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया।

## थाना रामपुर पुलिस ने एक एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष रामपुर श्री



दिव्य प्रकाश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13/12/22 को मु0न0 975/20 धारा 147/323/ 504/ 506/308/427 आईपीसी से सम्बन्धिंत एक नफर NBW वारंटी अभियुक्त विनय कुमार उपाध्याय पुत्र बाबुलनाथ उपाध्याय निवासी ग्राम नरसिंहदासपुर थाना– रामपुर, जनपद –जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारंटी का विवरण– 1.विनय कुमार उपाध्याय पुत्र बाबुलनाथ उपाध्याय निवासी ग्राम नरसिंहदासपुर थाना रामपुर, जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री मोरध्वज दुबे थाना रामपुर,जनपद–जौनपुर। 3.का0 चमन चौहान, का0 नीरज वर्मा,का0 तानसेन थाना रामपुर, जनपद जौनपुर।

## थाना बक्सा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त वारण्टी गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी/वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विवेकानन्द सिंह मय हमराहगण मा0 न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) जौनपुर सम्बन्धित मु0न0 12849/2022 धारा 147/148/323/ 324/ 308/304/504/506 भादवि न्यायालय सीजेएम जौनपुर तारीख पेशी 20/12/2022 के वारण्टी रामजीत पुत्र जयराम ग्राम सरौली थाना बक्शा जौनपुर उम्र 65 वर्ष को उसके घर ग्राम सरौली से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्त का नाम व पता– 1 रामजीत पुत्र जयराम ग्राम सरौली थाना बक्शा जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री विवेकान्द सिंह मय हमराहगण थाना बक्सा,जौनपुर।

### थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 13–12–2022 को थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मु0नं0 3348/08 स्टेट बनाम संतोष धारा 323/504/506/325 भादवि थाना शाहगंज जौनपुर से सम्बन्धित वारण्टी सन्तोष पुत्र स्व0 दयाराम निवासी सुरिस थाना शाहगंज जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारण्टीयों का नाम पताः– 1.सन्तोष पुत्र स्व0 दयाराम निवासी सुरिस थाना शाहगंज जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1.उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.आ0 अनिल कुमार यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.पीआरडी आनन्द यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## रामायण में छिपा है जीवन का सार –अतुल कपूर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : क्षेत्र के ग्राम मंसूर नगर में चल रही रामलीला व रासलीला के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी श्री अतुल कपूर ने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है बल्कि यह मनुष्य को जीवन की सीख देता है। रामायण में जहां भगवान राम को पुरूषोत्तम कहा गया है तो वही मां सीता की पवित्रता दर्शायी गई है। लक्ष्मण और भरत दोनों ही का अपने भाई के प्रति अथाह प्रेम दिखाया गया है। रामायण के हर एक चरित्र से कुछ न कुछ शिक्षा अवश्य प्राप्त होती है। यदि व्यक्ति रामायण को पूजने के साथ उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में अनुसरण करे तो वह एक सफल जीवन व्यतीत कर सकता है। धैर्य और गंभीर बनें–––अतुल कपूर श्री अतुल कपूर ने कहा कि रामायण में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी तीनों ने ही चौदह वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी संयम के साथ समय व्यतीत किया। रामायण की इस बात से सीख मिलती है कि व्यक्ति को हर परिस्थिति में संयम बरतना चाहिए। जो व्यक्ति सुख एवं दुख में संयम और धैर्य बनाए रखता है। वह विषम परिस्थितियों से लड़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। परिवार में एकता बनाएं रखें गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी श्री कपूर ने कहा कि जब प्रभु श्री राम को वनवास दिया गया तो उनके भाई लक्ष्मण सभी सुखों का त्याग करके उनके साथ वन को गए और अपने भ्राता श्री एवं भाभी को माता समान मानते हुए उनकी सेवा में चौदह वर्ष व्यतीत किए। तो वहीं भरत ने भगवान राम की खड़ाउ को सिंहासन पर रखकर उनको शासक मानते हुए राज–काज संभाला। इससे सीख मिलती है कि परिवार में सदैव एकता रखनी चाहिए। भाई यदि भाई के साथ हो तो विषम परिस्थितियों को भी आसानी से पार किया जा सकता है। इसलिए परिवार में प्रेम और एकता बनाएं रखने चाहिए। माता पिता की आज्ञा का करें पालन उपस्थित भक्तों से श्री कपूर ने कहा कि अपने पिता की आज्ञा और वचन को निभाने के लिए चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार किया। इससे सीख लेनी चाहिए कि चाहे परिस्थितियां जैसी भी हो हर संतान को अपनी माता पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। माता पिता ही इस पृथ्वी पर लाते हैं और आपको जीवन जीने के योग्य बनाते हैं, इसलिए संतान वही योग्य है जो अपने माता पिता का ध्यान रखें और उनकी आज्ञा का पालन करे। माता–पिता के आशीर्वाद से कठिन परिस्थिति में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। एकता में शक्ति जब रावण ने माता सीता का हरण किया तो राम जी उस समय अपना आत्मविश्वास नहीं डगमगाने दिया उन्होंने सभी को एकत्रित करके समुद्र पर सेतु की निर्माण किया और रावण का वध करके माता सीता को वापस लाए। इससे सीख मिलती है कि यदि योजना बनाकर एकता के साथ कार्य किया जाए तो कठिन से कठिन कार्य भी पूरा किया जा सकता है और लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक होना जरूरी –डॉ.सावित्री स्वामीनाथन

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल और छात्र अधिष्ठाता कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को बच्चों को सॉफ्ट स्किल पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय से रूबरू कराया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डीन एकेडमिक्स गुरु नानक स्वशासी महाविद्यालय चेन्नई की डॉ सावित्री स्वामीनाथन ने कहा कि जीवन में अगर लक्ष्य प्राप्ति करना है तो सदैव सकारात्मक बनिए। व्यक्ति में अगर नकारात्मकता है वह अपने साथ–साथ अपने घर और दोस्तों को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने छात्रों को इंटरव्यू देने से पहले की तैयारियां के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सदैव सकारात्मकता के साथ अपने जीवन में तय लक्ष्यों को पूरा करना चाहिए । उन्होंने बॉडी लैंग्वेज के विविध पक्षों पर गहराई से चर्चा की। इसी क्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ डॉली ने कहा कि हिंदी,अंग्रेजी या अन्य कोई भाषा हो उसमें आपकी पकड़ होनी चाहिए। जब कहीं इंटरव्यू के दौरान बोलते है तो उसमें आपका व्यक्तित्व भी झलकना चाहिए। व्यक्तित्व विकास एक निरंतर प्रक्रिया है।



इस दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय एवं कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की. कार्यशाला में इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर बीबी तिवारी, डॉ दीप प्रकाश सिंह, डॉ शशांक दुबे, डॉ हेमंत कुमार सिंह, डॉ दिलीप यादव ,डॉ नवीन चौरसिया, डॉ अंकुश गौरव, डॉक्टर सुबोध कुमार ,डॉ मोहम्मद रेहान, डॉ कृष्ण कुमार यादव तथा अन्य विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## व्यक्तित्व विकास से ही व्यक्ति के जीवन में विकास सम्भव –डॉ ऋषिकेश

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : व्यक्तित्व के विकास से ही व्यक्ति के जीवन में विकास होता है। व्यक्तित्व विकास में निम्न कारक है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एचआरडी डिपार्टमेंट के शिक्षक डॉ ऋषिकेश ने इमोशनल पर्सनालिटी डेवलपमेंट का वर्कशॉप दिनांक 13 दिसंबर 2022 को छात्रों के बीच संपन्न हुआ। डॉक्टर ऋषिकेश इमोशनल पर्सनालिटी डेवलपमेंट में चार फैक्टर के बारे में मुख्य रूप से बताया। hope, Differences , thinking, guilty, जिस लक्ष्य के प्रति आकर्षण नहीं उस लक्ष्य के प्रति कार्य करने की उत्तेजना ही अभिप्रेरणा personality Development है। पर्सनालिटी डेवलपमेंट रुएमबीए के स्टूडेंट के लिए एक बहुत इंपोर्टेंट टूल्स होता है। डठ। भ्त्क के स्टूडेंट केवल पढ़ाई के लिए ही नहीं जाना जाता, एमबीए के स्टूडेंट अपने पर्सनालिटी को कैसे इंप्रूव करता है, उन्होंने बताया कि च्मतेवदंसपजल में फिजिकल सोशल एलिमेंट को कैसे कंसीडर करता है। आज इमोशनल आस्पेक्ट पर डिजाइन किया था। कि हमारे आज के स्टूडेंट जो ज्यादातर यूथफुल है। और अभी उनकी उम्र 20 से 25 के लगभग है, उनको ज्यादा जिंदगी का तजुर्बा नहीं है। वह कहीं ना कहीं जिंदगी के सिग्मेंट नहीं समझ पाते। जिससे सैगमेंट को एक अनुभवी व्यक्ति समझता है।मैं एक बिंग टीचर पर्सनल डेवलपमेंट को दिखाना बताना चाहता हूं। कि आप अपने इमोशन को कैसे कंट्रोल करें। कैसे अपने होप मेंटेन करें। कैसे अपने डिफरेंस को रिस्पेक्ट करें। हम ज्यादातर गिल्टी फील करते हैं। गिल्टी फील करना नहीं, कराना आना चाहिए। अंततः हमें डील करने आना चाहिए। अधिकतर स्टूडेंट हमेशा चोर रास्ता देखते हैं। जिससे बाहर



निकल जाए। कार्य करने से बच जाए। उन्होंने बताया कि हमेशा लाइफ को सामने से बोल्ड पेश करने आना चाहिए। शिक्षक डॉ रशिकेश ने बताया कि हमारे यहां मानव संसाधन विकास के छात्र हैं। उनको मनोवैज्ञानिक ढंग से डील करने आना चाहिए। pshychology डील करने में personality इमोशन aspect को डील नहीं कर पाते हैं। तो कहीं ना कहीं उनके लिए फेलियर जैसा होता है। हमारे यहाँ HR में सिलेक्शन, रिक्रूटमेंट ट्रेंनिंग डेवलपमेंट IR इशूज तभी डील कर पाएंगे जब वह इमोशनल डेवलपमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि मैं HR का टीचर हूँ। तो मैं जूनियर एवं सीनियर छात्रों को एक साथ भी वर्कशॉप करूँगा। जिसमें सभी के व्यक्तित्व का विकास हो भविष्य में इसी तरह कई वर्कशॉप कराने को सोच रहा हूं इस विश्वविद्यालय के सभी स्टूडेंट को व्यक्तित्व के विकास के बारे में बताया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी जिस तरह परसिव करता है। उस तरह उसके जीवन में बदलाव आता है।

## विकासखंड करंजाकला के पतहना ग्राम पंचायत में जरूरतमंदों को निशुल्क वितरण किया गया कंबल

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : विकासखंड करंजाकला के पतहना ग्राम पंचायत में मंगलवार को विनय कुमार के सहयोग से लगभग 100 गरीबों को कंबल वितरण किया, ग्राम पंचायत पतहना में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख करंजाकला सुनील यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी का माल्यार्पण करके समाजसेवी विनय कुमार तथा विशाल विश्वकर्मा द्वारा स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील यादव ने कहा कि गरीब–असहायो की मदद करना दुनिया का सबसे नेक काम है और इस तरह के कार्य में सभी लोगों को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आज भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर देखा जा सकता है इससे गरीब किसान मजदूर सभी लाभान्वित हो रहे हैं सरकारी योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाने का कार्य अगर किसी सरकार ने किया है तो वह भाजपा सरकार ने किया है। आज करंजाकला विकासक्षेत्र के सबसे अधिक आवास योजना के लक्ष्य वाले गांव की सूची में पतहना ग्राम पंचायत प्रथम स्थान पर है यह हम सबके लिए बहुत ही गर्व की बात है आज हर योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलियों के हाथ में गए सीधा इसका लाभ लाभार्थी को मिल रहा है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची



राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा जरूरतमंदों की मदद करना हम सब का कर्तव्य है और हम सबको मिलकर हर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, अगली कड़ी में विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी लोगों से संवाद करते हुए कहा हम सब का प्रयास है कि हर जरूरतमंदों की मदद की जाए और उनकी हर मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाए और हम सब यह संकल्प लेते हैं कि हर संभव मदद करने के लिए सदा तत्पर रहेंगे, कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को मोमेंटम और इस लिपि चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे मंगल विश्वकर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष चंदन यादव,मंडल महामंत्री प्रशांत सिंह (दीपक), ग्राम प्रधान रीता देवी, ग्रामप्रधान मिथिलेश यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य शैलेश कुमार, पिंटू यादव,अनुज सिंह, पत्रकार एकता संघ के अध्यक्ष सुरेश शर्मा,संजीव कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अपराधियों पर पुलिस करे त्वरित कार्यवाही – डीआईजी अयोध्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यालय पर जिले के सभी पुलिस अधीक्षक को मासिक समीक्षा बैठक में अपराध पर नियंत्रण करने के लिये सख्त निर्देश दिये।इस मौके पर उन्होंने रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक कोध निर्देश देते हुये कहा कि इसके साथ साथ उन अपराधियों को चिन्हित कर उन पर पुलिस पैनी नजर रखे जो इसके पहले किसी भी आपराधिक मामले मे जेल जा चुका था या फिर वह जमानत पर जेल से बाहर हो।अगर जरूरत पड़े तो पुलिस उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये जेल भेजे। उन्होंने इस दौरान वहां पर मौजूद सभी पुलिस अधीक्षकों को अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को यातायात व्यवस्था मे सुधार व सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाने के लिये भी कहा।जिसके चलते आगामी पर्वों व नगर निकाय चुनाव को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।इस मौके पर उन्होंने उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत गैंगेस्टर अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही कराये जाने, विशेष अपराध के लम्बित अभियोगों/वांछित अपराधियों के विरूद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने/महिला सम्बन्धी अपराधों में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सम्बन्धी अपराधों में देय आर्थिक सहायता हेतु लम्बित प्रस्ताव को सम्बन्धि



त को प्रेषित किये जाने के अलाव अपहृत/अपहृताओं की शत–प्रतिशत बरामदगी/जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण एवं आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने व डायल–112 का रिस्पान्स टाईम सम्बंधी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश निर्देश रेंज के सभी जिले के पुलिस अधीक्षक को दिये।इस मौके पर मुनिराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, सोमेन वर्मा पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर,दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी, इलामारन जीध पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी व अजीत कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर मौजूद रहे।

## शिवपाल यादव के दरबार में लगी टिकट के दावेदारों की भीड़ : अखिलेश के आने का इंतजार

लखनऊ ब्यूरो : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय करने और मैनपुरी सीट पर उपचुनाव जिताने के बाद सपा की राजनीति में शिवपाल सिंह यादव का कद बढ़ गया है। वह प्रमुख भूमिका में आते हुए नजर आ रहे हैं। शिवपाल लखनऊ पहुंच चुके हैं जिसके बाद से ही निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की भीड़ उनके घर आने लगी है। कहा जा रहा है कि उम्मीदवारों का फैसला सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने के बाद होगा। हालांकि, आरक्षण को लेकर प्रदेश में निकाय चुनाव की तस्वीर उलझी हुई है पर इस पर जल्द ही कोर्ट से निर्णय होने की उम्मीद है। टिकटों के दावेदार भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। अखिलेश यादव के दिल्ली से लौटने का इंतजार हो रहा है। ऐसे में दावेदार शिवपाल सिंह यादव के दरबार में पहुंच रहे हैं। कोई पुराने संबंधों की दुहाई देकर खुद को बेहतरीन उम्मीदवार बता रहा है तो कोई वोट बैंक का हवाला दे रहा है। प्रदेश भर से महापौर, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार शिवपाल सिंह यादव के कार्यालय में डेरा डाले हुए हैं। मैनपुरी लोकसभा



सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर डिंपल यादव ने चुनाव लड़ा और करीब तीन लाख वोटों से जीत दर्ज की जो कि ऐतिहासिक है। इस जीत में शिवपाल यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उपचुनाव परिणाम आने के दिन ही शिवपाल ने अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय कर दिया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवपाल को सपा में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## अजगर निकलने से मचा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र के टकसाल मुहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जब वहां विशालकाय अजगर निकला।स्थानीय लोगों के मुताबिक शहर के टकसाल मुहल्ले में स्थित दूध मंडी, रामलीला मैदान के पीछे बीज गोदाम में यह विशालकाय अजगर देखा गया।जिसके चलते आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।वही मोहल्ले वासियों ने बिना देरी किये वन विभाग को सूचना दिया। जिस पर सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंचकर उस अजगर को पकड़ने में जुट गई।

## विधालय कर्मी ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कम्पोजिट विद्यालय असरेवा शिक्षा क्षेत्र बीकापुर तैनात धर्मपाल प्र0प्र0अ0 पर कार्यरत है।जो अनुसूचित जाति के व्यक्ति है।उन्होंने प्रधान प्रतिनिधि असरेवा पिंकू यादव उर्फ सूर्यभान यादव पर आरोप लगाया कि आज से लगभग एक सप्ताह से वे हमारे विद्यालय में आकर मध्यान भोजन के समय बच्चो की फोटो खीचने के नाम पर बच्चो को परेशान कर रहे है तथा वीडियों बनाते हैं। पूछने पर वे मारपीट, गाली गजौज पर अमादा हो जाते है। आरोप के मुताबिक वे जब आते है तो पूरे विद्यालय के बच्चो के सामने अपमानित करते है।जो बच्चा कम मात्रा में भोजन करना चाहते है उसे जबरदस्ती और लेने के लिये दबाव बनाते है।पूरे विद्यालय में भय का माहौल बना करके रखा है जिससे पीड़ित इसके निजात पाने के लिये काफी परेशान होकर बीएसए व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बीकापुर का दरवाजा खटखटाया है।

## बदलापुर नगर पंचायत के सभासद अधिवक्ता योगेश यादव की गोली मारकर हत्या : हत्यारों को पकडने में नाकाम रही पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर नगर पंचायत के सभासद अधिवक्ता योगेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दिया गया प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम तो करा दिया लेकिन हत्यारों को पकडने में नाकाम रही जिससे परिजनों ने मृतक के पार्थिव शरीर लेकर उनके गांव सरोखनपुर आवाज पर धरने पर बैठ गयें लगभग 38 घंटे तक बैठे रहे वहीं मल्हनी से विधायक लकी यादव मौके पर पहुँच कर परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी लिया और पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों से बात कर परिवार के पूरी मांग से अवगत कराया व सुरक्षा प्रदान करने की बात कही जिसको प्रशासन के स्वीकार किया उसके बाद पीड़ित परिवार को शिवपाल सिंह यादव से बात कराई उनके द्वारा परिवार को पूरा भरोसा दिलाया कि वो परिवार की पूरी मदद करेंगे और न्याय दिलायें जिसके बाद विधायक लकी यादव सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने परिजनों से बात कर धरना को समाप्त कराया और शव का अंतिम



संस्कार पिलकिछा घाट पर अपनी उपस्थिति में कराया मौके पर पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, महेन्द्र यादव,रमापति यादव,आशीष यादव, अंकित यादव, ओमप्रकाश यादव, अमित यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## ईडी ने मांगी बाहुबली मुख्तार अंसारी की कस्टडी रिमांड : जिला कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

प्रयागराज ब्यूरो : मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी को इलाहाबाद के जिला जज की अदालत में पेश किया। ईडी ने अंसारी की कस्टडी रिमांड के लिए याचिका दायर की है। इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इलाहाबाद जिला न्यायाधीश की कोर्ट में 14 दिन कस्टडी रिमांड की मांग की है। जिला न्यायाध ीश ने सुनवाई कर फिलहाल फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि अंसारी के पुत्र विधायक अब्बास अंसारी और साले शरजील को भी पुलिस गिरफ्तार कर रिमांड पर ले चुकी है। फिलहाल दोनों की रिमांड कस्टडी पूरी होने के बाद जेल भेजा जा चुका है। अब अंसारी को गिरफ्तार कर ईडी



कस्टडी लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। मुख्तार अंसारी फिलहाल बांदा की जेल में बंद है। बी वारंट पर मुख्तार को बांदा जेल से प्रयागराज लाया गया है। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच उनको लाया गया।

## युवती ने की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मोहरियाव निवासी दीपिका(24) पत्नी अनुराग मिश्र ने दुप्पटे से फासी लगाकर आत्महत्या कर ली।मौके पर पुलिस पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपिका पुत्री प्रदीप पांडेय निवासी गौहर बेलावा की शादी एक वर्ष पूर्व मोहरियांव निवासी अनुराग मिश्र से हुई थी।करीब एक हफ्ते पूर्व वह मायके से ससुराल आई थी।प्रतिदिन की तरह रात में भोजन ग्रहण करने के बाद वह अपने कमरे में चली गई ।और उनका पति ड्यूटी पर सतहरिया चला गया।इसी बीच उसने अपने कमरे में ही फांसी लगा ली सुबह जब परिजनों ने देखा तो इसकी सूचना मायके और पुलिस को दी मौके पर दोनो पहुंचे और पुलिस आवश्यक कार्यवाही की।इस मामले में थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल ने बताया की मुझे सूचना मिली थी और पुलिस अपनी तरफ से कार्यवाही कर रही है मौके पर मायके वाले भी थे ।इस मौके पर मजिस्ट्रेट मीना गौड़ भी रही।

## नगरीय निकाय निर्वाचन–2023 के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : नगरीय निकाय निर्वाचन–2023 की तैयारी के संबंध में विकास भवन के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह ने बताया कि मतगणना कार्मिकों की तैनाती कर दी गयी है। मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार की तैयारियां कर ली जाये। फ्लाइंग स्क्वायड की टीम लगाई जाए, रुट चार्ट बना लिया जाए। मतपेटियों, डाक मतपत्र एवं बेरिकेडिंग के सम्बन्ध में तैयारी कर लेने के निर्देश दिये गये। डी0डी0ए0जी0 विडिओग्राफी एवं सीसीटीवी के सम्बंध में तैयारी कर ले। इस अवसर पर उपजिलानिर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम अक्षयबर, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, कोषाधिकारी सुनील कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसएसपी के लाख कोशिश के बावजूद शहरवासियों को नहीं मिल रहा जाम से निजात : नो एंट्री के बावजूद शहर में आ रहे प्रतिबंधित वाहन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जहां एक ओर शहरवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिये खुद एसएसपी मुनिराज ने कमान संभाली है।परंतु इनके लाख प्रयास के बावजूद भी शहर में जाम की स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। इसका मुख्य कारण शहर के विभिन्न चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मी,यातायात कर्मी के साथ साथ होमगार्ड्स कर्मियों के रहमो करम पर कुछ पैसे लेकर नो एंट्री के बावजूद प्रतिबंधित वाहनों को भी शहर के अंदर प्रवेश करने देते है।जिसके चलते चलते शहर के हर एक चौराहे व सड़कों पर जाम लगना स्वाभाविक है। इसका जीता जागता नजारा शहर में प्रतिदिन सुबह आठ बजे के बाद नो एंट्री के बावजूद भी देखा जा सकता है जो देर शाम तक बना रहता है।अगर देखा जाए तो सुबह आठ बजे के बाद भी नो एंट्री के बावजूद शहर के देवकाली बाईपास, देवकाली तिराहा, नाका बाईपास,शांति चौक रायबरेली रोड, नवीन मंडी चौराहा,रिकाबगंज चौराहा,गुदरी बाजार चौराहा रीडगंज, बेनीगंज, फतेहगंज, मकबरा,नियावा,मोदहा, रोडवेज बस स्टेशन सहित कई ऐसे चौराहे व प्रमुख मार्ग हैं जहां पर सुबह आठ से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है।इसका मुख्य कारण शहर में नो एंट्री के बावजूद बड़े वाहनों जिसमें खासकर ट्रक, ट्रैक्टर,डीसीएम,बस सहित अन्य भारी वाहन जो कि सुबह



8:00 बजे से लेकर रात 8:00 बजे तक प्रतिबंधित होने के बावजूद भी उनका प्रवेश होना होता है।वही स्कूल के बसों को या स्कूली वाहनों को छोड़ दिया जाए तो उसके अलावा इन वाहनों को नो एंट्री के बावजूद भी शहर के विभिन्न चौराहों पर आसानी से देखा जा सकता है।जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस समय जहां एक ओर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज स्वयं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कमान संभाले हुए हैं वहीं उनके अधीनस्थ उनके सभी पुलिसकर्मी भी अपने–अपने क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं परंतु इसके बावजूद भी शहर की जाम व्यवस्था ज्यों की त्यों बनी हुई है।इस जाम में घंटों स्कूली बच्चे,इधर से गुजरने वाले राहगीर, एंबुलेंस, सहित अन्य शहरवासी फंसे रहते हैं और जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। देखना यह है शहरवासियों को जाम जैसे गंभीर समस्या से निजात कब मिलती है। यह एक यक्ष प्रश्न है।

## सीबीसी मशीन पन्द्रह दिन से खराब होने के कारण मरीजों को हो रही भारी दिक्कत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सीबीसी मशीन खराब होने से मरीजों के सामने भारी समस्या बनी हुई है! थक हार कर मरीज बाहर सीबीसी कराने के लिए मजबूर हैं! मशीन पहले पन्द्रह दिन से खराब है! अस्पताल में एक मशीन तो कोबिड काल के दौरान से ही खराब चल रही है! बीच में डेंगू जैसी बीमारी के बढ़घ्ने से स्वास्थ्य केन्द्र पर सीबीसी की दूसरी मशीन लाई गयी! जिससे प्रति दिन 200,250 तक की जांच प्रति दिन हो रही थी! किन्तु मशीन खराब होने के कारण यह जांच मरीज बाहर से कराने को मजबूर हैं! जो जांच स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क होती थी वही जांच अब बाहर 350 रुपये में हो रही है! जिससे मरीजों का भारी पैमाने में शोषण हो रहा है! गौरतलब है कि लगभग 15 से 20 किलोमीटर दूर से आने के बाद मरीजों को निःशुल्क मिलने वाली सेवा सीबीसी जांच के लिए दर– दर भटकना पड़ता है! सीबीसी मशीन दस दिन से खराब चल रही है! अर्थिंग का कनेक्शन न होने से मशीन में खराबी आयी है! अब अर्थिंग ठीक हो गयी है! दो तीन दिन में मशीन ठीक करा दी जाएगी! डा0 संजय दुबे अधीक्षक सीएचसी बदलापुर सीबीसी जांच के लिए पन्द्रह किलोमीटर दूर से आकर पांच दिन से सीएचसी का चक्कर लगा रहे हैं! जब भी अस्पताल में आता हूँ तो यह पता चलता है कि सीबीसी मशीन खराब चल रही है! बस दो तीन दिन में ठीक हो जाएगी! बाहर जाकर प्राइवेट पैथोलॉजी सेन्टर पर सीबीसी जांच 350 रुपये में कराया हूँ! शिवम ग्राम कुंधुआ बुद्धवार को सीएचसी पर इलाज कराने के लिए बीस किलोमीटर दूर से आया था! चिकित्सक ने सीबीसी कराने का सलाह दिया है! सीबीसी कराने के लिए लैब में गया तो बताया गया कि मशीन खराब है! बाहर जाकर पैथोलॉजी में 300 रुपये में जांच करवा कर जांच रिपोर्ट चिकित्सक को दिया है! सरकरी अस्पताल में जांच न होने से भारी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है! लालचंद निवासी ग्राम कछौरा

## मिजेल्स रूबेला निर्मूलन अंतर्गत 0 से 5 साल तक के बच्चों का किया गया हेड काउंट सर्वे

रिपोर्ट– जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : शासन के निर्देशानुसार दिसम्बर 2023 तक मिजेल्स रूबेला निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए जरूरी है कि खसरा और रूबेला की दोनों खुराकों का शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त किया जा सके।इसी के तहत मंगलवार को डिप्टी डीआईओ, आर0के0 सिंह,वीसीसीएम (यूएनडीपी) हफीज,बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा ने संगिनी,एवं आशाओं द्वारा किये गये हेड काउंट सर्वे को चेक किया। आपको बता दें कि संगिनी एवं आशा ने ग्राम पंचायत भरखनी में 0 से 5 साल तक के बच्चों का घर–घर जाकर हेड काउंट सर्वे किया। संगिनी एवं आशा के द्वारा किये जा रहे सर्वे को उक्त गाँव में जाकर डिप्टी डीआईओ आर0 के0 सिंह, वीसीसीएम हफीज व बीएमसी यूनिसेफ कल्पना ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। डिप्टी डीआईओ आर0के0 सिंह ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार



0–5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों का संगिनी और आशाओं के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण हेड काउंट सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के बाद खसरा–रूबेला से छूटे बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समस्त नगर निकाय नगर पंचायत जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में समस्त नगर निकाय/नगर पंचायत/जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अधिशासी अधिकारी केराकत एवं जफराबाद के द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जमीन चिन्हित न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया और कहा कि आगे 07 दिन में नही कर पाए तो निलंबित कर दिए जाएं। अधिशासी अधिकारी रामपुर को भी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम हाउस के सामने खाली जमीन पर पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव भेजा जाए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि डोर टू डोर कूड़ा उठाना सुनिश्चित करें। सामुदायिक शौचालय का उपयोग कराना सुनिश्चित करें और कोई भी बाहर शौच न करने जाएं। उन्होंने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि ट्रांजिट हास्टल एवं कचहरी के सामने के शौचालय को अपग्रेड किया जाये, बदलापुर पड़ाव पर नए शौचालय बनाये। नई नगर पंचायतो का संपत्ति रजिस्टर 03 दिन के भीतर बनाया जाए, साफ–सफाई, अभियान चलाकर कराये। ईओ गलियों में जाकर देखे की सफाई हुई है कि नही और



जो ठेकेदार काम लेकर करा नही रहे है ऐसे ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज कराने एवं ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। पीएम स्वनिधि के प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न के वितरण हेतु बढ़ी तिथि –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–दिसम्बर, 2022 के प्रथम चक्र में होने वाले माह–अक्टूबर, 2022 हेतु आवंटित नियमित खाद्यान्न के वितरण हेतु 05 दिसम्बर 2022 से 14 दिसम्बर 2022 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के कुछ ब्लाकों में उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत खाद्यान्न का निर्गमन न होने के कारण आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के द्वारा जनपद के समस्त लाभार्थियों में उपरोक्त आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य 15 दिसम्बर 2022 से 19 दिसम्बर 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल) का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत 19 दिसम्बर 2022 तक खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे शासन द्वारा निर्धारित दरों (गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से) के अनुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।